# महिला शक्ति केन्द्र

वित्त मंत्री के बजट भाषण (2017–18) में ''कौशल विकास, रोजगार, डिजिटल साक्षरता, स्वास्थ्य और पोषण के अवसरों के साथ ग्रामीण महिलाओं को सशक्त बनाने के लिये एक वन स्टॉप अभिसरण सेवाएं ''प्रदान करने हेतु ''महिला शक्ति केन्द्र'' की स्थापना करने की घोषणा की गयी। तद्नुसार, अम्ब्रैला योजना प्रधानमंत्री महिला सशक्तिकरण योजना के तहत महिला शक्ति केन्द्र नामक नई उप योजना को वर्ष 2017–18 से 2019–20 तक कार्यान्वित करने के लिये मंजूरी दी गयी है। यह योजना के तहत ग्रामीण महिलाओं के लिये सरकार से अपने अधिकार प्राप्त करने और जागरूकता सृजन, प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण के माध्यम से उन्हें सशक्त बनाने के लिये एक आयाम प्रदान करना है।

उद्‌देश्य–विभिन्न स्तरो यथा– जनपदस्तर, एवं विकासखण्ड स्तर केन्द्र के माध्यम से महिलाओं से सम्बन्धित मुद्‌दो पर चरणबद्ध तरीके से तकनीकी सहायता प्रदान करेगी एवं साथ ही साथ बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना सहित अन्य महिला सशक्तिकरण योजनाओं को अस्तित्व बनाने के लिये आधार प्रदान करेगें।